आई सी एम आर - राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

ICMR - National Institute of Health Research
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

NIIRNCD/Miscellaneous/Training/Circular_Office_Order/2021-Part(2)/158931/ दिनांक : 06.07.2026

परिपत्र/Circular

विषय: संस्थान के आवासीय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन के संबंध में।

सक्षम प्राधिकारी के संज्ञान में आया है कि संस्थान के आवासीय परिसर में कुछ स्थानों पर कचरा इधर-उधर फेंका जा रहा है तथा भोजन/खाद्य सामग्री खुले में डाली जा रही है, जिससे परिसर की स्वच्छता प्रभावित होने के साथ-साथ आवारा कुत्तों एवं पक्षियों का जमावड़ा लगने, संक्रमण फैलने तथा आवासीय परिसर में रहने वाले स्टाफ की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना बनी रहती है।

अतः संस्थान के आवासीय परिसर में निवासरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को निर्देशित किया जाता है कि—

1. किसी भी प्रकार का कचरा परिसर में इधर-उधर न फेंकें तथा समस्त कचरा केवल निर्धारित कूड़ेदानों में ही डालें।
2. भोजन अथवा खाद्य सामग्री किसी भी स्थिति में खुले स्थान पर न डालें।
3. आवासीय परिसर की स्वच्छता, सौंदर्य एवं स्वास्थ्यकर वातावरण बनाए रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।
4. परिसर में स्वच्छता संबंधी किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें तथा अन्य निवासियों को भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित करें।

इसके अतिरिक्त, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा Suo Motu W.P. (C) No. 5 of 2025 में समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुपालन में संस्थान के नामित नोडल अधिकारी डॉ रमेश कुमार हुडा, वैज्ञानिक-डी को निर्देशित किया जाता है कि वे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उक्त निर्देशों का अक्षरशः एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा आवश्यकता अनुसार निगरानी एवं समुचित कार्रवाई करें।

इस परिपत्र में उल्लिखित निर्देशों का उल्लंघन गंभीरता से लिया जाएगा तथा आवश्यक होने पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार उपयुक्त प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

Digitally signed by
Paras Tyagi
Date: 06-07-2026
11:01:01

(पारस त्यागी)
प्रशासनिक अधिकारी
कृते निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ:-
1. नोडल अधिकारी- डॉ रमेश कुमार हुडा, वैज्ञानिक-डी
2. आईसीएमआर- एनआईएचआर, जोधपुर के आवासीय परिसर के समस्त स्टाफ को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ।
3. अध्यक्ष-स्वच्छता समिति
4. गार्ड फाइल
5. आईटी सेक्शन- *इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को संस्थान पर वेबसाइट पर अपलोड करें।*

न्यू पाली रोड, जोधपुर, राजस्थान – 342005, भारत
New Pali Road, Jodhpur, Rajasthan – 342005, INDIA
Tel: 0291-2722403 | Fax: 0291-2720618
Website: niirncd.icmr.org.in